उत्तर प्रदेश सरकार

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

तुलसी गंगा कॉम्प्लेक्स, 19 C, विधानसभा मार्ग, लखनऊ-226001

दूरभाष: 0522-2235752, फैक्स: 0522-2235806

वेब : www.uppbpb.gov.in, www.prpb.gov.in

सूचना विज्ञप्ति

संख्या-पीआरपीबी-दो-2(11-वि0मे0लि0)/2021 दिनांक-अप्रैल 14, 2022

उ0प्र0 पुलिस में उपनिरीक्षक(ना0पु0-9027 पद) प्लाटून कमाण्डर पीएसी(484 पद) तथा अग्निशमन द्वितीय अधिकारी(23 पद) के कुल-9534 रिक्त पदों के सापेक्ष चयन हेतु विज्ञप्ति के क्रम में उ0प्र0 पुलिस एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आनलाइन लिखित परीक्षा दिनांक-12.11.2021 से 02.12.2021 तक उ0प्र0 के विभिन्न केन्द्रों में आयोजित की गई थी।

2- उक्त लिखित परीक्षा में अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होनें के कारण परीक्षा कुल 18 दिनों में 54 पालियों में आयोजित की गई है, इसलिए नियमावली में निहित प्रावधानों के अनुसार अंकों Equipercentile Method का प्रयोग करके प्रसामान्यीकरण किया गया है।

3- आनलाइन लिखित परीक्षा के बाद अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों को आहूत करनें हेतु नियमावली के प्रावधानों, विज्ञप्ति में उल्लिखित प्रक्रिया, शासनादेश एवं एतदविषयक मा0 न्यायालय के आदेशों के क्रम में श्रेष्ठता एवं आरक्षण के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए विज्ञापित पदों के लगभग 3.5 गुणा अभ्यर्थियों (महिला अभ्यर्थियों के मामले में 4 गुणा) को अभिलेखों की संवीक्षा एवं मानक परीक्षण हेतु आहूत किया जा रहा है। महिला अभ्यर्थियों को केवल उपनिरीक्षक(ना0पु0) के पदों के सापेक्ष ही विचार किया जाना है।

4- विभिन्न श्रेणी के अंतर्गत अभिलेखों की संवीक्षा एवं मानक परीक्षण हेतु बुलाए जानें वाले अभ्यर्थियों के कटआफ अंक निम्नवत हैं। कटआफ के समान अंक प्राप्त करनें वाले सभी अभ्यर्थियों को अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण में शामिल किया जा रहा है।

क्रमांक	श्रेणी	लंम्बवत श्रेणी	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित	भू0पू0 सैनिक	महिला
1	अनारक्षित	302.09405	228.79907	236.24463	278.32091
2	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	285.56168	-	-	-
3	अन्य पिछड़ा वर्ग	287.51425	200.26923	206.43679	263.12721
4	अनुसूचित जाति	260.14439	207.89724	200.54294	233.12820
5	अनुसूचित जनजाति	223.33388	-	215.17564	200.05192

5- उक्त अभ्यर्थियों के अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा की कार्यवाही जोनल मुख्यालय के जनपदों (मेरठ, आगरा, कानपुर नगर, बरेली, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, वाराणसी) पर 25 अप्रैल 2022 से किया जाना प्रस्तावित है। तिथिवार विस्तृत सूचना बोर्ड की वेबसाइट पर पृथक से प्रकाशित की जाएगी।

6- अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण में सफल अभ्यर्थियों को अर्हकारी प्रकृति की शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग लेनें हेतु अवसर प्रदान किया जाएगा तथा उसमें सफल अभ्यर्थियों को उनके आनलाइन लिखित परीक्षा में प्राप्त प्रसामान्यीकृत अंक तथा शासनादेश के अनुसार अनुमन्य आरक्षण के आलोक में उपलब्ध पदों की संख्या के सापेक्ष चयन हेतु विचार किया जाएगा।

7- यह सूचना अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है इसलिए इस विषय में सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के अंतर्गत पृथक से कोई प्रार्थनापत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।

8- अभ्यर्थियों से यह भी अपेक्षा है कि बोर्ड की वेबसाइट-http://uppbpb.gov.in का अवलोकन करते रहें।

14/4/22

अपर सचिव भर्ती
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
लखनऊ।